Website : www.prsuniv.ac.in
E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

# प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0

# Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj,U.P.

A Public University established under Uttar Pradesh State University Act 1973

पत्रांक : प्रोरासिविवि / पनिका / 2026– 211 दिनांक : 18 अगस्त, 2026

## कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के सत्र 2023–24, 2024–25 व 2025–26 के सम सेमेस्टर की परीक्षा में बी0ए0, बी0एस–सी0 व बी0काम0 पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में सम्मिलित ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने अपने समस्त प्रश्नपत्र में उत्तीर्ण कर लिए हैं तथा को–कैरिकुलर प्रश्न पत्र में किसी भी सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण (Not Qualified) हैं एवं दिनांक 22 व 23 अगस्त, 2026 को सम्पादित होने की को–कैरिकुलर प्रश्न पत्र की बैक पेपर परीक्षा हेतु परीक्षाफार्म पूरित कर चुके हैं। उनके प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं।

अतः समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करते हुए परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में यह भी सूच्य है कि कतिपय परीक्षार्थी अपना परीक्षाफार्म तो पूरित कर लिए हैं, किन्तु परीक्षा शुल्क अद्यतन जमा नही किये हैं। ऐसे परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करते हुए प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

प्रो0 (विनीता यादव)
परीक्षा नियंत्रक

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः** उपरोक्त।

**प्रतिलिपि** – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. प्राचार्य, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय से कि उक्त सूचना को अपने स्तर से सम्बन्धित परीक्षार्थियों को सूचित करना सुनिश्चित करें।
3. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालय की कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक